# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017

दूरभाष नं. 0141–2715532 E-mail: rajssa.training@gmail.com


क्रमांक : रा.स्कूल शि.प./जय/प्रशिक्षण/दिशा–निर्देश 2019–20/9433 दिनांक : 20/1/2020

## विषय आधारित व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापक – 5 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण दिशा–निर्देश : 2019–20 (संशोधित)

विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास विद्यालयी शिक्षा का महत्त्वपूर्ण लक्ष्य है एवं इस लक्ष्य की शत–प्रतिशत प्राप्ति हेतु विद्यालयों में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। चूंकि सीखना–सिखाना एक सतत् प्रक्रिया है, इसलिये शिक्षक भी अपने शिक्षण के दौरान विद्यार्थियों एवं विद्यालय में अपने साथियों से सीखता है। अतः विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुनिश्चितता को केंद्रित करते हुए व्याख्याताओं एवं वरिष्ठ अध्यापकों के क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षणों का आयोजन किया जाता है। इन प्रशिक्षणों के माध्यम से शिक्षकों को पारस्परिक अधिगम के साथ–साथ शैक्षिक नवाचारों एवं बेस्ट प्रेक्टिसेज का आदान–प्रदान करने व व्यावसायिक योग्यता में निरंतर कुशलता व अभिवृद्धि करने का अवसर प्राप्त होता है।

### 1. प्रशिक्षण के उद्देश्य :

- विषय संबंधी कठिन अवधारणाओं की स्पष्टता एवं समझ विकसित करना।
- पाठ्यसामग्री को सरल व क्रमिक चरणों के साथ प्रस्तुतीकरण करने में सक्षम करना।
- शिक्षण मे नवीन तकनीक यथा आईसीटी के उपयोग का कौशल विकसित करना।
- विभिन्न स्त्रोतों से संदर्भित ज्ञान को संकलित करने के तरीके सीखना।
- सृजनात्मक, संप्रेषण एवं सहभागिता कौशल विकसित करना।
- कक्षा–कक्षीय गतिविधियों को नियोजित बनाने में सक्षम करना।
- नवाचारों एवं नवीन शिक्षण विधाओं को आत्मसात करना।
- सामाजिक संदर्भो में शिक्षक का दायित्व समझना।
- प्रश्न निर्माण, शिक्षण सामग्री, योजना निर्माण आदि व्यावसायिक कुशलता विकसित करना।
- पारस्परिक अनुभवों से ज्ञान एवं समझ संवर्द्धन करना।
- विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षक की भूमिका को जानना।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार वर्ष 2019–20 पी.ए.बी. अनुमोदन के अनुसार **समग्र शिक्षा अभियान अन्तर्गत व्याख्याता व वरिष्ठ अध्यापक गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्य राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद (समग्र शिक्षा ), जयपुर एवं आरएससीईआरटी, उदयपुर द्वारा सम्पादित किये जायेंगे।**

### 2. प्रशिक्षण हेतु मुख्य सन्दर्भ व्यक्तियों के चयन हेतु मापदण्ड :

- मुख्य सन्दर्भ व्यक्तियों को कक्षा–कक्षीय प्रक्रियाओं, पैडागॉजी, शिक्षण विधा आदि में दक्ष होना चाहिए।
- प्रोबेशन पीरियड वाले तथा किसी भी प्रकार की विभागीय जांच लम्बित होने पर उन्हें मुख्य संदर्भ व्यक्तियों के रूप में चयनित नहीं किया जाये।
- प्रशिक्षण गैर आवासीय व ब्लॉक स्तरीय आयोजित किये जाने है। अतः संदर्भ व्यक्तियों का चयन संबंधित ब्लॉक से किया जाये।
- आईसीटी के जानकार एवं नवाचारी शिक्षकों का प्राथमिकता से चयन किया जाये।
- सन्दर्भ व्यक्ति राजकीय संस्थान में कार्यरत/सेवानिवृत हो।

| प्रशिक्षण | मुख्य संदर्भ व्यक्ति हेतु मापदण्ड |
|---|---|
| वरिष्ठ अध्यापक प्रशिक्षण (कक्षा 9–10) | • प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक (मावि)/व्याख्याता जिन्हें संबंधित विषय में 3 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो।<br>• 5 वर्ष का शिक्षण अनुभव अथवा 2 वर्ष का प्रशिक्षण अनुभव रखने वाले वरिष्ठ अध्यापक।<br>• राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त व्याख्याता/वरिष्ठ अध्यापक जिन्हें प्रशिक्षण देने का 2 वर्ष का अनुभव हो। |

| | |
|---|---|
| व्याख्याता (कक्षा 11–12) | • प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक (मावि) जिन्हें संबंधित विषय में 3 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो।<br>• व्याख्याता जिन्हें सम्बंधित विषय में पाँच वर्ष का शिक्षण अनुभव अथवा 2 वर्ष का प्रशिक्षण अनुभव हो।<br>• राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक (मावि) / व्यांख्याता जिन्हें 2 वर्ष का प्रशिक्षण देने का अनुभव हो। |

**नोट** :–मुख्य संदर्भ व्यक्तियों के चयन हेतु समग्र शिक्षा, डाईट कार्यालय से समन्वयन कर पूर्व प्रशिक्षणों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशिक्षकों के नाम प्राप्त किये जा सकते हैं। मुख्य संदर्भ व्यक्तियों का प्रशिक्षण आरएससीईआरटी, उदयपुर द्वारा डाइट, सीटीई अथवा आईएएसई के माध्यम से करवाया जाना है।

## 3. प्रशिक्षण के कार्य दायित्व का विवरण :

जिलों के जिन ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय विषय आधारित गैर आवासीय व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापक प्रशिक्षण आयोजित किये जाने हैं, उन जिलों के सम्बन्धित ब्लॉक से प्रति प्रशिक्षण शिविर विषयवार दो मुख्य सन्दर्भ व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु चयनित किया जाना है। चयनित मुख्य सन्दर्भ व्यक्तियों का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण RSCERT, उदयपुर द्वारा करवाया जाएगा। यह प्रशिक्षण RSCERT, उदयपुर द्वारा डाइट, सीटीई अथवा आईएएसई के माध्यम से करवाया जाना है। प्रशिक्षित मुख्य सन्दर्भ व्यक्तियों द्वारा ब्लॉक स्तर पर विषयवार व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापकों को निर्धारित लक्ष्यानुसार प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

पीएबी– 2019–20 में स्वीकृत संख्यानुसार 17318 वरिष्ठ अध्यापकों एवं 3597 व्याख्याताओं को ब्लॉक स्तर पर गैर आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन परिशिष्ट–03 की विषयवार संख्यानुसार किया जाना है। प्रशिक्षण कार्य के सफल संचालन हेतु राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर प्रभारी अधिकारियों का विवरण एवं कार्य दायित्व निम्नानुसार है –

| क्रसं | प्रभारी | पदनाम | कार्य दायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | राज्य नोडल प्रभारी (SMSA) | उपायुक्त–द्वितीय (प्रशिक्षण), उपनिदेशक (प्रशिक्षण) राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर | • राज्य स्तर से व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन एवं मॉनिटरिंग सम्बन्धी समस्त प्रशासनिक कार्य। |
| 2 | राज्य नोडल प्रभारी (RSCERT) | उपनिदेशक प्रशिक्षण, RSCERT, उदयपुर | • डाइट, सीटीई, आईएएसई से समन्वय स्थापित कर **परिशिष्ट– 01 की संख्यानुसार 05 दिवसीय KRP आवासीय प्रशिक्षण आयोजित करवाने हेतु स्थल का चयन करना।**<br>• जिलेवार व विषयवार चयनित **KRP** की सूची जिले से प्राप्त कर उनके प्रशिक्षण आदेश जारी करना।<br>• राज्य स्तर पर व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये **परिशिष्ट–01 में उल्लेखित जिलेवार, संख्यानुसार मुख्य सन्दर्भ व्यक्तियों का प्रशिक्षण आयोजित करवाना।**<br>• प्रशिक्षणार्थी केआरपी– 'व्याख्याता व वरिष्ठ अध्यापक प्रशिक्षण' को विषयवार प्रशिक्षण मॉड्यूल उपलब्ध कराना।<br>• ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अकादमिक स्तर की डाइट द्वारा मॉनिटरिंग करवाना। |
| 3 | जिला नोडल प्रभारी | समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी | • जिला स्तर से व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन एवं समस्त प्रशासनिक कार्य की मॉनिटरिंग करना।<br>• जिले में उपलब्ध बायोमेट्रीक मशीनों द्वारा ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में संभागियों की उपस्थिति लिया जाना सुनिश्चित करना।<br>• प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक प्रशिक्षण शिविर हेतु 02 केआरपी की उपलब्धता सुनिश्चित करना।<br>• जिन ब्लॉक में डाइट संचालित है, वहां सुविधानुसार डाइट में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिकता के आधार पर आयोजित करवाना। |
| 4 | जिला प्रभारी प्रशासन | अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक | • परिशिष्ट–2 के अनुसार जिन ब्लॉकों में प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाना है, उन्ही ब्लॉक से निर्धारित मापदण्डानुसार विषयवार प्रति प्रशिक्षण शिविर दो मुख्य सन्दर्भ व्यक्ति मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से चयनित कर उनके विवरण सहित सूची RSCERT, उदयपुर व परिषद की प्रशिक्षण शाखा को Excel में |

| क्रसं | प्रभारी | पदनाम | कार्य दायित्व |
|---|---|---|---|
| | | | उपलब्ध कराना।<br>• पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त केआरपी को चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता प्रदान की जाये।<br>• ब्लॉक पर प्रशिक्षण संचालित किये जाने हेतु KRP के आदेश जारी करना।<br>• जिले में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रशासनिक व्यवस्था करना। **परिशिष्ट–03 में उल्लेखित ब्लॉकवार, विषयवार, संख्यानुसार ब्लॉक पर प्रशिक्षण आयोजित करवाना।**<br>• जिले की निर्धारित संख्यानुसार प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित करना। |
| 5 | जिला प्रभारी अकादमिक | डाइट प्राचार्य | • जिले के लिये निर्धारित संख्यानुसार KRP चयन में सहयोग करना।<br>• प्रशिक्षणों के अकादमिक स्तर की मॉनिटरिंग एवं सम्बलन प्रदान करना।<br>• डाइट वाली ब्लॉक के प्रशिक्षण हेतु स्थान उपलब्ध होने पर डाइट परिसर में प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण आयोजित करवाने में सहयोग करना। |
| 6 | ब्लॉक नोडल प्रभारी | समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी | • जिन ब्लॉकों में विषयवार व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने है, उन ब्लॉक के सम्बन्धित विषयों के व्याख्याताओं व वरिष्ठ अध्यापकों के **परिशिष्ट–03 की संख्यानुसार प्रशिक्षण हेतु आदेश जारी करना।**<br>• **परिशिष्ट–03 में निर्धारित प्रशिक्षणार्थियों की संख्यानुसार ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।**<br>• प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु संभागियों के लिये सुलभ स्थान पर 50 की क्षमता के दो कक्षों वाले भवन की व्यवस्था करना एवं समस्त प्रशिक्षण संसाधनों की व्यवस्था करना।<br>• प्रशिक्षण कार्यक्रम में बायोमेट्रीक मशीनों से संभागियों की उपस्थिति लिया जाना सुनिश्चित करना।<br>• जिन ब्लॉक में डाईट संचालित है वहां (डाईट) प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थान उपलब्ध होने पर डाइट परिसर में ही प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण आयोजित करवाना।<br>• प्रशिक्षण प्रातः 9.30 बजे से सांय 5.15 बजे तक आयोजित किया जायेगा। |

## 4. प्रशिक्षण के व्यय मानक :

### मुख्य सन्दर्भ व्यक्ति (KRPs) विषय आधारित व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापक (आवासीय) प्रशिक्षण व्यय मानक

प्रति संभागी (5 दिवसीय आवासीय शिविर हेतु) 500 रू. प्रति संभागी प्रति दिवस का विभाजन

| क्रसं. | व्यय मानक | राशि प्रति दिवस रू. | दिवस | संभागी | कुल राशि रू. | राशि आवंटन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 समय का भोजन, चाय एवं नाश्ता, पेयजल | 200 | 1 | 1 | 200 | संभागियों की संख्यानुसार |
| 2 | प्रशिक्षण स्थल, बैठक एवं आवास व्यवस्था | 150 | 1 | 1 | 150 | |
| 3 | पेन डायरी, टीएलएम, 3 प्रशिक्षण प्रतिवेदन (रंगीन स्पाईरल), प्रशिक्षण बैनर एवं स्टेशनरी आदि एक मुश्त | 25 | 1 | 1 | 25 | |
| 4 | बिजली, प्रोजेक्टर, जनरेटर, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, फोटोस्टेट एवं साफ–सफाई व अन्य विविध खर्चों के लिये राशि | 25 | 1 | 1 | 25 | |
| 5 | संभागियों का मानदेय / यात्रा | 100 | 1 | 1 | 100 | |
| | योग | 500 | | | 500 | |

## ब्लॉक स्तरीय विषय आधारित व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापक (गैर आवासीय) प्रशिक्षण

व्यय मानक प्रति संभागी (5 दिवसीय गैर आवासीय शिविर हेतु) 230 रू. प्रति संभागी प्रति दिवस का विभाजन

| क्र.सं. | व्यय मानक | राशि प्रति दिवस रू. | दिवस | संभागी | कुल राशि रू. | राशि आवंटन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक समय का भोजन, 2 चाय एवं नाश्ता, पेयजल | 117 | 1 | 1 | 117 | संभागियों की संख्यानुसार |
| 2 | प्रशिक्षण स्थल एवं बैठक व्यवस्था | 30 | 1 | 1 | 30 | 50 संभागियों हेतु (निश्चित संख्या) एक मुश्त |
| 3 | पेन डायरी, टीएलएम, 2 प्रशिक्षण प्रतिवेदन (रंगीन स्पाईरल), प्रशिक्षण बैनर एवं स्टेशनरी आदि | 8 | 1 | 1 | 8 | |
| 4 | बिजली, प्रोजेक्टर, जनरेटर, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, फोटोस्टेट एवं साफ–सफाई व अन्य विविध खर्चो के लिये राशि एवं भवन किराया तथा संभाग पर केआरपी चयन के लिये संभाग मुख्यालय पर उपस्थित हुये प्रतिभागियों का वास्तविक किराया। | 25 | 1 | 1 | 25 | |
| 5 | संभागियों का मानदेय / यात्रा | 50 | 1 | 1 | 50 | संभागियों की संख्यानुसार |
| | योग | | | | 230 | |
| 6 | मुख्य संदर्भ व्यक्ति का मानदेय/यात्रा/आवास | 500 | 1 | 1 | 500 | 02 KRP के लिये |

- उपर्युक्त सारणियों के उपमदों में राशि आवंटन में आंशिक परिवर्तन (Re-appropriation) स्थानीय आवश्यकतानुसार जिला/राज्य स्तरीय समिति की अनुशंषा से किया जा सकता है, किन्तु कुल व्यय दी गई बजट सीमा से अधिक न हो।
- CTE/IASE/DIET संस्थान द्वारा PAB अंतर्गत अनुमोदित प्रशिक्षण SMSA/RSCERT/SIEMAT द्वारा निर्देशित किये जाने पर निर्धारित बजट मापदण्ड में आयोजित कराए जाएगे। इन संस्थानों में नियुक्त शिविर प्रभारी को मानदेय राशि देय नहीं होगी।
- समस्त सामग्री का क्रय लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 BF & AR एवं GF & AR के प्रावधान अनुसार किया जाएगा।
- राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र GF & AR के निर्धारित प्रपत्र में प्रेषित कराया जाना सुनिश्चित कराएं।

**नोट** :– विभिन्न प्रशिक्षणों हेतु बजट मानदण्ड अलग हैं तथा बजट मानदण्ड प्रति व्यक्ति प्रति दिवस के अनुसार स्वीकृत किए गए हैं। अतः ध्यान रहे – प्रशिक्षणों के उपयोगिता प्रमाण पत्र **भौतिक उपलब्धि x इकाई लागत x कुल प्रशिक्षण दिवस** के अनुसार ही स्वीकृत किए जाएगे।

## 5. मुख्य संदर्भ व्यक्तियों का चयन एवं प्रशिक्षण :

- विषय आधारित व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापक (गैर आवासीय) प्रशिक्षण जिन ब्लॉकों में आयोजित किया जाना हैं, उन ब्लॉको के नाम के सम्मुख विषयवार संभागियों की लक्षित संख्या परिशिष्ट–2 में दी गई है। प्रत्येक प्रशिक्षण शिविर हेतु 2 मुख्य सन्दर्भ व्यक्तियों का चयन केआरपी चयन के मापदण्डानुसार डीपीसी व एडीपीसी तथा डाइट के द्वारा सम्मिलित रूप से किया जाना है।
- जिस ब्लॉक में प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है, उसी ब्लॉक से संबंधित विषय के आवेदक को एवं ब्लॉक से पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त केआरपी को चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
- DPC, ADPC समग्र शिक्षा एवं डाईट के द्वारा चयनित केआरपी की सूची डाइट के माध्यम से RSCERT, उदयपुर को भिजवाई जाएगी।
- **मुख्य संदर्भ व्यक्तियों का प्रशिक्षण RSCERT, उदयपुर द्वारा डाइट, सीटीई अथवा आईएएसई के माध्यम से करवाया जाएगा।**
- मुख्य संदर्भ व्यक्तियों के प्रशिक्षण हेतु चयनित कार्मिकों को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी/जिला शिक्षा अधिकारी/मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी/प्रधानाचार्य द्वारा अनिवार्य रूप से कार्यमुक्त किया जाये ।

## 6. शिक्षक प्रशिक्षण में शिथिलन आधार :

- गर्भवती शिक्षिका संभागियों को।
- ऐसी महिला शिक्षिकाएं जिनके शिशु की आयु 06 माह तक की हो।

- ऐसे शिक्षक जो असाध्य रोग से पीड़ित हो यथा कैंसर, मस्तिष्क आघात (ब्रेन हेमरेज) चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाणित दस्तावेजों के आधार पर।
- इसके अतिरिक्त अन्य प्रकार के शिथिलन हेतु प्राप्त आवेदनों पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की अभिशंषा के आधार सीडीईओ/एडीपीसी द्वारा ही प्रशिक्षण में छूट दी जा सकेगी।
- वरिष्ठ अध्यापकों तथा व्याख्याता प्रशिक्षण में उपर्युक्त मापदण्डों के आधार पर छूट दिये गये कार्मिक के स्थान पर अन्य कार्मिक को नामांकित किया जाए, जिससे आवंटित लक्ष्य प्रभावित ना हो।
- शिक्षक प्रशिक्षण से शिथिलन का अधिकार मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी/जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को अधिकृत किया जाता है। सीबीईओ की अभिशंषा एवं उचित दस्तावेज संलग्न करने के पश्चात् ही कार्मिक को प्रशिक्षण से मुक्त रखा जाये। इसकी समस्त जिम्मेदारी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी/जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा की होगी।

## 7. अन्य निर्देश :

- प्रायः यह देखा गया है कि मासिक प्रगति प्रतिवेदन (एमपीआर) में प्रशिक्षण सम्बन्धी व्यय को दर्शाने में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय द्वारा अन्य प्रशिक्षणों का खर्चा किसी एक ही प्रशिक्षण (उपमद) में कर दिया जाता है, जिससे प्रशिक्षण विशेष में कई बार वित्तीय लक्ष्य अधिक हो जाते है जबकि दूसरे प्रशिक्षण मे वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति नही हो पाती है। इस सम्बन्ध मे यह स्पष्ट किया जाता है कि सत्र 2019–20 में जिलों को प्रदत्त वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्यों के अनुरूप ही व्यय का समायोजन किया जाएगा।

**वित्तीय समायोजन प्रगति–प्रपत्र**

| क्रस | शिक्षक प्रशिक्षण का नाम उपमद सहित | भौतिक प्रगति | | वित्तीय प्रगति | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य (आवंटित संख्या) | उपलब्धि (उपस्थिति) | लक्ष्य (आवंटित राशि) | उपलब्धि (व्यय राशि) |
| | | | | | |

- जिले को आवंटित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य से अधिक समायोजन एवं प्रशिक्षण मानकों से अधिक व्यय नहीं किया जाएगा।
- प्रशिक्षण में पीएबी 2019–20 मे वर्णित दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाएगी।
- शिविर में संभागियों की संख्या के आधार पर प्रशिक्षण के लिए निर्धारित व्यय मानक स्वतः ही अनुपातिक रूप से परिवर्तित हो जाएंगे।
- यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता एवं मानदेय के अतिरिक्त अन्य मदों में सम्भावित व्यय राशि 10,000 रूपये से अधिक तथा रूपये 1,00,000 से कम है तो लेखा नियमानुसार सीमित निविदा प्राप्त कर कार्य करवाया जा सकेगा।
- शिक्षकों एवं संदर्भ व्यक्तियों को दिया जाने वाला मानदेय अथवा यात्रा भत्ता आदि उनके बैंक खाते में ही प्रशिक्षण होने के 15 दिवस में जमा करवाए जाएंगे।
- किसी भी स्थिति में शिक्षक या संदर्भ व्यक्तियों को नकद भुगतान नहीं किया जाएगा।

## 8. ब्लॉक एवं जिला स्तरीय समिति का गठन एवं दायित्व :

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभावी संचालन व मॉनिटरिंग हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर निम्नानुसार समितियों का गठन करें –

### जिला स्तरीय समिति

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान | अध्यक्ष एवं जिला नोडल प्रभारी |
| 2 | अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान | सदस्य एवं जिला प्रभारी प्रशासन प्रशिक्षण |
| 3 | जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा | सदस्य एवं प्रशिक्षण मॉनिटरिंग प्रभारी |
| 4 | जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा | सदस्य एवं प्रशिक्षण मॉनिटरिंग प्रभारी |
| 5 | प्रधानाचार्य, डाइट | सदस्य सचिव एवं जिला प्रभारी अधिकारी, अकादामिक |
| 6 | सहायक परियोजना समन्वयक (प्रशिक्षण) | सदस्य एवं तकनीकी नोडल प्रभारी |
| 7 | कार्यक्रम अधिकारी (प्रशिक्षण) | सदस्य एवं तकनीकी कार्य प्रभारी |
| 8 | लेखा प्रतिनिधि | सदस्य, लेखा कार्य हेतु |
| 9 | एमआईएस | तकनीकी सहायक, |

## ब्लॉक स्तरीय समिति

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी | अध्यक्ष एवं ब्लॉक नोडल प्रभारी |
| 2 | अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (प्रथम) | सदस्य एवं प्रशिक्षण प्रभारी |
| 3 | व्याख्याता डाईट | सदस्य सचिव एवं अकादमिक अधिकारी, ब्लॉक प्रशिक्षण |
| 4 | ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति (प्रशिक्षण) | सदस्य एवं सह व्यवस्थापक |
| 5 | लेखा प्रतिनिधि | सदस्य, लेखाकार्य हेतु |
| 6 | ब्लॉक ऑपरेटर | तकनीकी सहायक |

### समितियों के दायित्व :

- ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले गैर आवासीय व्याख्याता व वरिष्ठ अध्ययापक प्रशिक्षण की व्यवस्था, आयोजन तथा ऑन लाईन सूचना व मॉनिटरिंग का समस्त दायित्व संयुक्त रूप से ब्लॉक एवं जिला स्तरीय समिति का होगा।
- जिला स्तरीय समिति दल बनाकर प्रशिक्षणों का सघन पर्यवेक्षण करेगी तथा प्रतिवेदन तैयार कर परिषद के प्रशिक्षण प्रकोष्ठ को ई–मेल पर सूचित करेगी।
- ब्लॉक द्वारा बजट की उपलब्धता एवं प्रशिक्षणोपरान्त भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धि की सूचना जिला अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय को एवं जिले द्वारा सूचना प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, परिषद मुख्यालय, जयपुर को भिजवायी जाएगी।
- जिला परियोजना कार्यालय एवं डाईट परस्पर समन्वय से प्रशिक्षण का सफल संचालन करेंगे।
- प्रशासनिक स्तर पर प्रशिक्षणों के प्रभावी निरीक्षण, पर्यवेक्षण एवं व्यवस्थाओं की सुनिश्चितता हेतु संबंधित जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक (समसा) के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय (मा.शि./प्रा.शि.) एडीपीसी (समसा) एवं डाइट प्रधानाचार्य द्वारा पूल बनाकर जिला कार्यालय पर उपलब्ध राजकीय वाहन द्वारा प्रशिक्षण शिविरों का रोटेशन से सघन पर्यवेक्षण किया जाये।

### 9. प्रशिक्षण के दौरान :

- प्रशिक्षण में शामिल महत्वपूर्ण विषयों के सम्बन्धित आलेखों व सामग्री की फोटो प्रति भी प्रशिक्षणार्थियों को देने की व्यवस्था की जाये।
- प्रशिक्षण के दौरान संभागियों द्वारा तैयार की गई सामग्री का प्रदर्शन प्रशिक्षण स्थल पर किया जाये।
- प्रशिक्षण के दौरान संभागियों को अभिव्यक्ति संवर्धन के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराये जाये।
- प्रशिक्षण के प्रथम दिन प्री टेस्ट आवश्यक रूप से आयोजित किया जावे एवं उसका मूल्याकंन एवं विश्लेषण कर आवश्यकता अनुरूप विषयवस्तु को प्रशिक्षण में स्थान दिया जाये।
- प्रशिक्षण के आयोजन में सन्दर्भ व्यक्तियों द्वारा स्थानीय स्तर से **पूर्व** एवं **पश्च परख** तैयार कर संभागियों से प्रशिक्षण की समाप्ति पर संभागियों द्वारा फीडबैक लिया जाकर आगामी प्रशिक्षणों हेतु सम्मलित किये जाने वाले नीड बेस्ड विषयवस्तु की सूची तैयार की जाये।
- प्रशिक्षण के अन्तिम दिन पोस्ट टेस्ट का आयोजन एवं उसका अंकन करवाया जाये तथा प्रतिवदेन प्रेषित करें।
- प्रशिक्षण की समस्त व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग का दायित्व जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान का होगा।
- प्रशिक्षण में प्रतिदिन सभी मुख्य संदर्भ व्यक्ति, शिविर प्रभारी तथा कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा द्वारा प्रशिक्षण की समीक्षा एवं आगामी दिवस की योजना हेतु कोर ग्रुप आयोजित की जाये। प्रशिक्षण के प्रत्येक दिवस सांय को कोर समूह की बैठक आयोजित कर प्रशिक्षण सत्र की समीक्षा तथा आगामी दिवस की

कार्ययोजना तैयार की जायेगी, जिससे दक्ष प्रशिक्षक के साथ डाइट/समसा प्रतिनिधि एवं सम्बन्धित आर. पी. आवश्यक रूप से शामिल हो ताकि प्रतिदिन की समस्या का समाधान किया जा सके।

- वरिष्ठ अध्यापकों के प्रशिक्षणों में प्रशिक्षण केन्द्र पर उपलब्ध पुस्तकालय, आई.सी.टी. लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, का समुचित उपयोग प्रशिक्षण में करवाना सुनिश्चित करें।

## 10. संभागियों की उपस्थिति :

- संभागियों की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाये।
- प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण में समय पर उपस्थित हो एवं उनकी पूर्णकालिक उपस्थिति सुनिश्चित की जाये।
- निदेशालय स्तर से पूर्व में डाइट के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षणों हेतु उपलब्ध करवाई गई बायोमेट्रीक मशीन के द्वारा प्रातः 9:15 से 9:30 बजे के मध्य तथा सांय 5:15 बजे से 5:30 बजे के मध्य उपस्थिति दर्ज की जाएगी।
- प्रत्येक प्रशिक्षण स्थल पर प्रभारी नियुक्त करते हुए संभागियो की उपस्थिति रजिस्टर में नियमित संधारित की जाये।

### विषयवार प्रशिक्षण शिविरों का दैनिक उपस्थिति प्रपत्र

जिला : ..........................

दिनांक : .........................

प्रशिक्षण का नाम : .........................................

| ब्लॉक | प्रशिक्षणार्थियों का पद (व्या./व.अ.) | विषय | आमंत्रित संभागी | | उपस्थित संभागी | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | M | F | M | F |
| | | | | | | |

- प्रशिक्षणों मे अनुपस्थित कार्मिकों को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी स्तर से कारण बताओ नोटिस जारी किये जाये एवं प्रत्युत्तर का परीक्षण किया जाकर, अग्रिम कार्यवाही की जाये। प्रस्तावित कार्यवाही की सूचना आरएससीईआरटी, उदयपुर एवं परिषद, जयपुर स्थित प्रशिक्षण शाखा को उपलब्ध कराए।

## 11. शिविर प्रभारी की भूमिका :

- प्रशिक्षण स्थल विद्यालय भवन होने पर सम्बन्धित संस्था प्रधान शिविर प्रभारी की भूमिका में रहेंगे।
- प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रधानाचार्य प्रशिक्षण के 1 दिन पूर्व तैयारी बैठक में सम्मिलित हों।
- प्रशिक्षण स्थल विद्यालय भवन के स्थान पर अन्य भवन होने पर प्रशिक्षण प्रभारी एसीबीईओ–प्रथम ही शिविर प्रभारी की भूमिका में रहेंगे।
- संस्थान में उपलब्ध संसाधन (कम्प्यूटर लैब, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला) का उपयोग सुनिश्चित करें।
- प्रशिक्षण स्थल पर साफ–सफाई, पानी, फर्नीचर आदि उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।
- रूचि व सामर्थ्य के अनुसार शैक्षिक सत्रों में सहभागिता करें।
- प्रशिक्षण अभिलेख संधारण में निर्देशानुसार कार्य करवायें।

## 12. अभिलेख संधारण :

- संभागियों का पंजीकरण, फीडबैक।
- संदर्भ व्यक्तियों द्वारा प्रशिक्षणोपरान्त फीडबैक।
- संभागियों एवं मुख्य संदर्भ व्यक्तियों का उपस्थिति पत्रक, जिसमें शिक्षक के मोबाइल नं. भी अंकित किये जाये।
- संभागियों का विषयवार परख पत्रों एवं उपलब्धि पत्रक मय विश्लेषण।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था की जाये।
- प्रशिक्षण समाप्ति के पश्चात् प्रशिक्षण प्रतिवेदन (रंगीन स्पाईरल प्रति) तैयार कर दो प्रतियों में RSCERT, उदयपुर एवं परिषद कार्यालय, जयपुर को प्रेषित करवाएं व एक–एक प्रति क्रमशः जिला स्तर पर डाईट एवं डीपीसी कार्यालय में तथा ब्लॉक स्तर पर संधारित करें।

## 13. नियंत्रण कक्ष की स्थापना :

- प्रशिक्षण संबंधी सूचनाओं के आदान–प्रदान, मॉनिटरिंग एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिला स्तर पर डाईट एवं जिला परियोजना समन्वयक समसा कार्यालय तथा सीबीईओ कार्यालय में (ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण हेतु) प्रशिक्षण अवधि में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाये। नियंत्रण कक्ष पर नियमित रूप से प्रभारी की नियुक्ति की जाये, जो ब्लॉकों से प्रशिक्षणवार सूचनायें लेकर समेकित कर RSCERT, उदयपुर की ई–मेल **hod.dte.siert@rajasthan.gov.in** एवं परिषद स्थित प्रशिक्षण शाखा की ई–मेल **rajssa.training@gmail.com** पर अनिवार्यतः उसी दिन भेजेंगे।
- पर्यवेक्षण दल द्वारा प्रतिदिन का अवलोकन प्रतिवेदन आरएससीईआरटी, उदयपुर एवं परिषद कार्यालय नियंत्रक कक्ष में प्रेषित किया जाये।
- प्रशिक्षण की प्रतिदिन की संभागियों की उपस्थिति निर्धारित प्रारूप में जिला कार्यालय समसा, परिषद् कार्यालय एवं RSCERT, उदयपुर के नियन्त्रण कक्ष में प्रेषित की जाये।

**नोट :–एससीईआरटी, उदयपुर से जिले के मुख्य सन्दर्भ व्यक्तियों के प्रशिक्षण आदेश जारी होने के पश्चात ही ब्लॉक स्तर पर व्याख्याता व वरिष्ठ अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाये। केआरपी प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथियां पृथक से जारी की जाएगी।**

संलग्न – उपरोक्तानुसार ।

Abhishek

(अभिषेक भगोतिया)
राज्य परियोजना निदेशक

क्रमांक : रा.स्कूल शि.प./जय/प्रशिक्षण/दिशा–निर्देश 2019–20/9433 दिनांक : 20/1/2020

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) महोदय, राज0 सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा, जयपुर।
4. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान, जयपुर।
5. निजी सहायक, निदेशक माध्यमिक शिक्षा/प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय राज. बीकानेर।
6. निदेशक आरएससीईआरटी, उदयपुर।
7. निदेशक, राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमेट), जयपुर।
8. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक– प्रथम समग्र शिक्षा अभियान, जयपुर।
9. संयुक्त निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
10. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग।
11. जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्राशि/माशि, समस्त जिले।
12. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त जिले।
13. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
14. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक।
15. पदेन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, समस्त पंचायत।
16. कार्यालय प्रति।

17/1/20

अति. राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम

# व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापक प्रशिक्षण हेतु

## जिलेवार व विषयवार मुख्य सन्दर्भ व्यक्ति (KRP) की संख्या

| Sno. | Distt | No. of Block | Sr. Teacher Training | | | | | Lecturer Training | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | SR-English | SR-Mathematics | SR-Science | SR-Social Science | SR-Total | English | Geography | Hindi | History | Political Science | Lect-Total |
| 1 | AJMER | 7 | 12 | 10 | 14 | | **36** | 2 | | | | 4 | **6** |
| 2 | ALWAR | 12 | 20 | 16 | 22 | | **58** | | 2 | | | 4 | **6** |
| 3 | BANSWARA | 5 | 10 | 2 | 6 | | **18** | | 2 | | 2 | 2 | **6** |
| 4 | BARAN | 4 | 6 | 8 | 4 | | **18** | | | 4 | | 2 | **6** |
| 5 | BARMER | 9 | 16 | 10 | 14 | 2 | **42** | | | 2 | 2 | 2 | **6** |
| 6 | BHARATPUR | 8 | 6 | 14 | 16 | | **36** | | | 4 | | | **4** |
| 7 | BHILWARA | 5 | 8 | 6 | 10 | 2 | **26** | | | 4 | | | **4** |
| 8 | BIKANER | 3 | 4 | 2 | 6 | 2 | **14** | | | 2 | 2 | 2 | **6** |
| 9 | BUNDI | 5 | 6 | 8 | 8 | | **22** | | | 6 | | | **6** |
| 10 | CHITTAURGARH | 4 | 4 | 6 | 8 | 2 | **20** | | | 2 | 2 | 2 | **6** |
| 11 | CHURU | 6 | 8 | 8 | 10 | | **26** | | 2 | 2 | | 2 | **6** |
| 12 | DAUSA | 5 | 10 | 10 | 4 | | **24** | | | 2 | | 2 | **4** |
| 13 | DHAULPUR | 4 | 2 | 8 | 4 | | **14** | | | 4 | | 2 | **6** |
| 14 | DUNGARPUR | 6 | 8 | 4 | 10 | 2 | **24** | | | 8 | | | **8** |
| 15 | GANGANAGAR | 5 | 8 | 8 | 8 | | **24** | | | 2 | 2 | 2 | **6** |
| 16 | HANUMANGARH | 4 | 8 | 8 | 8 | | **24** | | 2 | 4 | | | **6** |
| 17 | JAIPUR | 11 | 16 | 22 | 12 | | **50** | | | 2 | | 2 | **4** |
| 18 | JAISALMER | 3 | 6 | 2 | 6 | | **14** | | | 4 | 2 | | **6** |
| 19 | JALOR | 7 | 6 | 6 | 14 | 2 | **28** | | | 6 | | | **6** |
| 20 | JHALAWAR | 4 | 6 | 6 | 8 | | **20** | | | 6 | | | **6** |
| 21 | JHUNJHUNUN | 7 | 6 | 14 | 14 | | **34** | | | 6 | | | **6** |
| 22 | JODHPUR | 9 | 14 | 16 | 18 | 4 | **52** | | | 2 | 2 | 2 | **6** |
| 23 | KARAULI | 3 | 4 | 4 | 6 | | **14** | | | 4 | | | **4** |
| 24 | KOTA | 4 | 2 | 6 | 8 | 2 | **18** | | | 4 | | | **4** |
| 25 | NAGAUR | 9 | 12 | 16 | 14 | | **42** | | | 6 | | | **6** |
| 26 | PALI | 6 | 12 | 12 | 8 | | **32** | | | 4 | 2 | 4 | **10** |
| 27 | PRATAPGARH | 4 | 6 | | 4 | | **10** | | 2 | 6 | | | **8** |
| 28 | RAJSAMAND | 5 | 6 | 10 | 4 | | **20** | | | 2 | 2 | 2 | **6** |
| 29 | S.MADHOPUR | 4 | 8 | 2 | 6 | | **16** | | | 4 | 2 | 2 | **8** |
| 30 | SIKAR | 8 | 12 | 14 | 14 | | **40** | | | 6 | | | **6** |
| 31 | SIROHI | 4 | 2 | 6 | 6 | 2 | **16** | | | 4 | | 2 | **6** |
| 32 | TONK | 5 | 8 | 4 | 6 | | **18** | | 2 | 2 | | | **4** |
| 33 | UDAIPUR | 7 | 14 | 8 | 8 | 2 | **32** | | | 4 | | | **4** |
| 34 | Grand Total | **192** | **276** | **276** | **308** | **22** | **882** | **2** | **12** | **118** | **20** | **40** | **192** |

# व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापक प्रशिक्षण हेतु
## ब्लॉकवार व विषयवार मुख्य सन्दर्भ व्यक्ति (KRP) की संख्या

| For Sr. Teacher Training : 2019-20 | | | | | | | | For Lecturer Training : 2019-20 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | District | Block Name | SR-English | SR-Mathematics | SR-Science | SR-Social Science | SR-Total | English | Geography | Hindi | History | Political Science | Lect-Total |
| 1 | AJMER | AJMER(U) | | 2 | 2 | | 4 | 2 | | | | | **2** |
| 2 | AJMER | JAWAJA | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 3 | AJMER | KEKRI | 2 | | 2 | | 4 | | | | | | |
| 4 | AJMER | KISHANGARH | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | 2 | **2** |
| 5 | AJMER | MASUDA | 2 | | 2 | | 4 | | | | | 2 | **2** |
| 6 | AJMER | PEESANGAN | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 7 | AJMER | SRI NAGAR | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 8 | ALWAR | BANSUR | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 9 | ALWAR | BEHRORE | | | 2 | | 2 | | | | | | |
| 10 | ALWAR | KATHUMAR | 2 | | | | 2 | | 2 | | | | **2** |
| 11 | ALWAR | KISHANGARH BAS | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 12 | ALWAR | LAKSHMANGARH | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | 2 | **2** |
| 13 | ALWAR | MUNDAWAR | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 14 | ALWAR | NEEMRANA | | 2 | 2 | | 4 | | | | | | |
| 15 | ALWAR | RAJGARH | 2 | | 2 | | 4 | | | | | | |
| 16 | ALWAR | RAMGARH | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | 2 | **2** |
| 17 | ALWAR | THANAGAZI | 2 | | 2 | | 4 | | | | | | |
| 18 | ALWAR | TIZARA | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 19 | ALWAR | UMRAIN | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 20 | BANSWARA | ANANDPURI | 2 | | | | 2 | | | | | | |
| 21 | BANSWARA | BANSWARA | 2 | | 2 | | 4 | | | | | | |
| 22 | BANSWARA | GARHI | 2 | | 2 | | 4 | | | | | | |
| 23 | BANSWARA | GHATOL | 2 | 2 | 2 | | 6 | | 2 | | 2 | 2 | **6** |
| 24 | BANSWARA | KUSHALGARH | 2 | | | | 2 | | | | | | |
| 25 | BARAN | ANTA | 2 | 2 | | | 4 | | | 2 | | | **2** |
| 26 | BARAN | ATRU | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 27 | BARAN | BARAN | 2 | 2 | | | 4 | | | | | | |
| 28 | BARAN | KISHANGANJ | | 2 | 2 | | 4 | | | 2 | | 2 | **4** |
| 29 | BARMER | BALOTRA | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 30 | BARMER | BARMER | 2 | 2 | 2 | 2 | 8 | | | 2 | 2 | 2 | **6** |
| 31 | BARMER | BAYTU | 2 | 2 | | | 4 | | | | | | |
| 32 | BARMER | DHORIMANA | 2 | | 2 | | 4 | | | | | | |
| 33 | BARMER | GUDAMALANI | | 2 | 2 | | 4 | | | | | | |

# व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापक प्रशिक्षण हेतु

## ब्लॉकवार व विषयवार मुख्य सन्दर्भ व्यक्ति (KRP) की संख्या

| | | | For Sr. Teacher Training : 2019-20 | | | | | For Lecturer Training : 2019-20 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | District | Block Name | SR-English | SR-Mathematics | SR-Science | SR-Social Science | SR-Total | English | Geography | Hindi | History | Political Science | Lect-Total |
| 34 | BARMER | SEDWA | 2 | | 2 | | 4 | | | | | | |
| 35 | BARMER | SHIV | 2 | | | | 2 | | | | | | |
| 36 | BARMER | SINDHARI | 2 | | 2 | | 4 | | | | | | |
| 37 | BARMER | SIWANA | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 38 | BHARATPUR | BAYANA | | 2 | 2 | | 4 | | | | | | |
| 39 | BHARATPUR | DEEG | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | 2 | | | **2** |
| 40 | BHARATPUR | KUMHER | | 2 | 2 | | 4 | | | | | | |
| 41 | BHARATPUR | NADBAI | | 2 | 2 | | 4 | | | | | | |
| 42 | BHARATPUR | NAGAR | | | 2 | | 2 | | | | | | |
| 43 | BHARATPUR | ROOPWAS | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 44 | BHARATPUR | SEWAR | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 45 | BHARATPUR | WEIR | | 2 | 2 | | 4 | | | 2 | | | **2** |
| 46 | BHILWARA | AASIND | 2 | | 2 | | 4 | | | | | | |
| 47 | BHILWARA | JAHAJPUR | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | 2 | | | **2** |
| 48 | BHILWARA | MANDALGARH | | | 2 | | 2 | | | | | | |
| 49 | BHILWARA | SHAHPURA | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 50 | BHILWARA | SUWANA | 2 | 2 | 2 | 2 | 8 | | | | | | |
| 51 | BIKANER | BIKANER | 2 | 2 | 2 | 2 | 8 | | | 2 | | | **2** |
| 52 | BIKANER | KOLAYAT | | | 2 | | 2 | | | 2 | 2 | 2 | **6** |
| 53 | BIKANER | Shri DUNGARGARH | 2 | | 2 | | 4 | | | | | | |
| 54 | BUNDI | BUNDI | | | 2 | | 2 | | | | | | |
| 55 | BUNDI | HINDOLI | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | 2 | | | **2** |
| 56 | BUNDI | K.PATAN | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 57 | BUNDI | NAINWA | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | 2 | | | **2** |
| 58 | BUNDI | TALERA | | 2 | | | 2 | | | 2 | | | **2** |
| 59 | CHITTAURGARH | BADI SADRI | | | 2 | | 2 | | | | | | |
| 60 | CHITTAURGARH | CHITTORGARH | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 61 | CHITTAURGARH | DUNGLA | | 2 | 2 | | 4 | | | | | | |
| 62 | CHITTAURGARH | NIMBAHERA | 2 | 2 | 2 | 2 | 8 | | | | | | |
| 63 | CHURU | CHURU | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | 2 | 2 | 2 | **6** |
| 64 | CHURU | RAJGARH | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 65 | CHURU | RATANGARH | | | 2 | | 2 | | 2 | 2 | | 2 | **6** |
| 66 | CHURU | SARDARSHAHAR | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |

## व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापक प्रशिक्षण हेतु
## ब्लॉकवार व विषयवार मुख्य सन्दर्भ व्यक्ति (KRP) की संख्या

| For Sr. Teacher Training : 2019-20 | | | | | | | | For Lecturer Training : 2019-20 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | District | Block Name | SR-English | SR-Mathematics | SR-Science | SR-Social Science | SR-Total | English | Geography | Hindi | History | Political Science | Lect-Total |
| 67 | CHURU | SUJANGARH | | 2 | 2 | | 4 | | | | | | |
| 68 | CHURU | TARANAGAR | 2 | | | | 2 | | | | | | |
| 69 | DAUSA | BANDIKUI | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 70 | DAUSA | DAUSA | 2 | 2 | | | 4 | | | | | 2 | **2** |
| 71 | DAUSA | LALSOT | 2 | 2 | | | 4 | | | 2 | | | **2** |
| 72 | DAUSA | MAHWA | 2 | 2 | | | 4 | | | | | | |
| 73 | DAUSA | SIKRAI | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 74 | DHAULPUR | BARI | | 2 | 2 | | 4 | | | 2 | | 2 | **4** |
| 75 | DHAULPUR | BASERI | | 2 | | | 2 | | | 2 | | | **2** |
| 76 | DHAULPUR | DHOLPUR | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | | | | |
| 77 | DHAULPUR | SAIPAU | | 2 | | | 2 | | | | | | |
| 78 | DUNGARPUR | BICCHIWARA | 2 | | 2 | | 4 | | | 2 | | | **2** |
| 79 | DUNGARPUR | DOVDA | | | 2 | | 2 | | | | | | |
| 80 | DUNGARPUR | DUNGARPUR | 2 | 2 | 2 | 2 | 8 | | | 2 | | | **2** |
| 81 | DUNGARPUR | GALIYAKOT | | | | | | | | 2 | | | **2** |
| 82 | DUNGARPUR | JHONTHARI | 2 | | 2 | | 4 | | | | | | |
| 83 | DUNGARPUR | SAGWARA | 2 | 2 | 2 | | 6 | | | 2 | | | **2** |
| 84 | GANGANAGAR | PADAMPUR | | 2 | 2 | | 4 | | | | | | |
| 85 | GANGANAGAR | RAISINGHNAGAR | 2 | | 2 | | 4 | | | | | | |
